चंदावली में आयोजित हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर

सामाजिक उत्थान विकास का कार्य केवल एक व्यक्ति के दवारा संभव नहीं है सामाजिक व सामुदायिक विकास का विशेष ध्यान रखते हुए अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की युवा रेड क्रॉस की तीनों इकाइयों और क्यू.आर.जी. हेल्थ सिटी फरीदाबाद व रोटरी क्लब ऑफ़ फरीदाबाद ग्रेस के परस्पर सहयोग से दिनांक 25 फरवरी 2019 को अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत जी की प्रेरणा वह निर्देशन में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम (सामुदायिक सेवाएं आपके दवार) के तहत गोद लिए गांव चंदावली मैं आयोजित हुआ । शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. कृष्णकांत प्राचार्य अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ व चंदावली गांव की सरपंच कुमारी अंजू यादव के कर कमलों दवारा किया गया । मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में कहा कि सामाजिक उत्थान के लिए व्यक्ति को स्वस्थ होना परम आवश्यक है क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति ही समाज कल्याण में अपना शत प्रतिशत योगदान कर सकता है, इस बात का ध्यान रखते हुए क्यूआरजी अस्पताल के डॉ. वीरेंद्र, हृदय विशेषज्ञ, डॉ. देवेंद्र, किडनी रोग विशेषज्ञ, डॉ. निखिल सचदेवा, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. जसविंदर सिंह जनरल फिजिशियन वे श्री दुर्गेश ने मरीजों को परामर्श दिए । शिविर में ब्रेस्ट कैंसर की जांच के लिए 61 मरीजों की मैमोग्राफी जैसी बड़ी जांच शिविर में निशुल्क की गई । जिन जाँचो के लिए बाहर अस्पतालों में हजारों रुपए देने पड़ते हैं । महाविद्यालय दवारा प्रतिवर्ष गांव चंदावली में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है । इस शिविर में लगभग 150 मरीज लाभान्वित हुए क्यू.आर.जी. अस्पताल प्रबंधन ने भी मरीजों के लिए भारी छूट देने की घोषणा की । इस शिविर के सफल आयोजन में रोटेरियन सतीश गुप्ता (अध्यक्ष), रोटेरियन मनोज अग्रवाल (सचिव), रोटेरियन रवि गर्ग (कोषाध्यक्ष), महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस के संयोजक डॉ. जयपाल सिंह, इकाई दो के